अनसुनी बात

(*कहानी*)

2

आज अपना गृहकार्य जल्दी-जल्दी पूरा करके मोहित पतंग उड़ाने के लिए छत पर गया।

आसमान में नीली, पीली, हरी, लाल पतंगें उड़ती देखकर उसका मन खुशी से झूमने लगा। 'आहा!' आज खूब मजा आएगा। वह यह सब सोच ही रहा था कि तभी उसे माँ की आवाज सुनाई दी "मोहित!"..... 'ओह!' माँ ने मुझे फिर नीचे बुला लिया। मोहित ने छत से ही उत्तर दिया ..... "माँ, क्या बात है?" माँ ने कहा "जरा नीचे तो आना।"....."अभी आता हूँ।" कहकर मोहित फिर पतंग उड़ाने लगा। माँ ने एक-दो बार *पुनः पुकारा,* किंतु मोहित को पतंग उड़ाने में बहुत मजा आ रहा था। इसलिए उसने फिर वही उत्तर दिया, "अभी आता हूँ!" किंतु वह नीचे नहीं उतरा।

उसने अपने कई साथियों की पतंगें काट दी थी। वह बड़ा खुश था। जब अँधेरा छाने लगा, तो वह नीचे उतरा। उसने देखा कि माँ बिस्तर पर लेटी हैं और उनका पाँव सूज

गया है। वह हैरान रह गया और बोला– "यह क्या हुआ माँ?"

माँ ने धीमे स्वर में कहा – "*मोच* आ गई है, मैं गिर गई थी, इसीलिए तुम्हें पुकार रही थी, पर तुम आए नहीं।" यह सुनकर मोहित को बहुत शर्म आई और वह पछताने लगा।

"माँ मुझे माफ कर दो, आगे से मैं कभी भी आपकी बात *अनसुनी* नहीं करूँगा।"

"कोई बात नहीं, रसोई में से खुद जाकर खाना ले लो और खाकर सो जाओ।" "नहीं, पहले मैं आपके लिए खाना लाता हूँ," मोहित ने कहा और रसोई की ओर चल दिया।

शब्द-भंडार

पुनः – फिर से (again), पुकारा – बुलाया (calling), मोच – पैर आदि मुड़ जाने से आई सूजन (sprain), अनसुनी – सुनकर भी ध्यान न देना (ignore)।

अभ्यास

मौखिक

1. इन शब्दों को पढ़कर सुनाइए–

गृहकार्य पतंगें उत्तर पुनः

2. निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–

(क) मोहित पतंग उड़ाने कहाँ गया था?

(ख) मोहित को उसकी माँ क्यों बुला रही थीं?

लिखित

1. सही उत्तर के सामने (✓) का निशान लगाइए–

(क) मोहित छत पर गया था-

☐ खेलने ☐ पतंग उड़ाने ☐ टहलने

(ख) उसने अपनी माँ की बात-

☐ मान ली ☐ टाल दी ☐ नहीं मानी

(ग) उसे अपने व्यवहार पर-

☐ पछतावा हुआ ☐ खुशी हुई ☐ दुःख हुआ

2. वाक्यों को पूरा कीजिए–

बिस्तर, छत, मजा

(क) मोहित पतंग उड़ाने के लिए .... पर गया।

(ख) मोहित को पतंग उड़ाने में बहुत .... आ रहा था।

(ग) उसने माँ को .... पर लेटे हुए देखा।

3. सही वाक्य के सामने (✓) तथा गलत के सामने (✗) का निशान लगाइए–

(क) मोहित पतंग उड़ाने के लिए पार्क में गया। ☐

(ख) मोहित सुबह होने पर नीचे आया। ☐

(ग) माँ की बातें सुनकर मोहित को बहुत शर्म आई। ☐

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) मोहित ने आसमान में किस-किस रंग की पतंगें देखीं?

....

(ख) मोहित की माँ को क्या हुआ था?

....

(ग) माँ की बात न सुनने पर बाद में मोहित को कैसा लगा?

....

भाषा-ज्ञान

- **बहुवचन लिखिए–**

(क)	पतंग —	....	(ख)	लड़का —	....
(ग)	बात —	....	(घ)	छत —	....
(ङ)	छाता —	....	(च)	भेड़ —	....
(छ)	किताब —	....	(ज)	बोतल —	....
(झ)	पेंसिल —	....	(ञ)	घोड़ा —	....

क्रियात्मक गतिविधि

- क्या आप अपने बड़ों का आदर करते हैं? यदि हाँ, तो उन सभी बातों को एक चार्ट पर नोट करें जो आप अपने बड़ों के कहने पर मानते हैं।